


नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 25 जून 2026


# दीवानगंज के 42 गांवों की सेहत भगवान भरोसे

- डॉक्टर एक, ड्यूटी तीन-तीन जगह
- मरीज कह रहे- आखिर कहां कराएं इलाज

अदनान खान

**सलामतपुर, 24 जून. एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर दीवानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है.**

लगभग 42 गांवों की आबादी इस अस्पताल पर निर्भर है, लेकिन यहां केवल एक ही मेडिकल ऑफिसर पदस्थ हैं. हालात ऐसे हैं कि जब मरीज अस्पताल पहुंचते हैं तो अक्सर डॉक्टर ही उपलब्ध नहीं मिलते और उन्हें बिना इलाज के वापस लौटना पड़ता है.




### अस्पताल में नहीं है पोस्टमार्टम की व्यवस्था

दीवानगंज में पोस्टमार्टम की कोई व्यवस्था नहीं है, इसके लिए रायसेन जिला अस्पताल जाना पड़ता है. इस दौरान डॉ. पटेरिया को भी रायसेन जाना पड़ता है, जिससे अस्पताल में आने वाले मरीज घंटों इंतजार करने के बाद मायूस होकर लौट जाते हैं. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मजबूरी में लोगों को झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे मरीजों की जान तक जोखिम में पड़ सकती है. ग्रामीणों का सवाल है कि जब 40 गांवों की स्वास्थ्य व्यवस्था एक ही डॉक्टर के भरोसे है, तो सरकार की स्वास्थ्य योजनाएं धरातल पर आखिर कैसे सफल होंगी?

### रहवासियों ने की 2 स्थाई डॉक्टरों की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि दीवानगंज अस्पताल में कम से कम दो स्थायी डॉक्टरों की तत्काल नियुक्ति की जाए और पोस्टमार्टम जैसी आवश्यक व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएं.

दीवानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल ऑफिसर डॉ. पलक पटेरिया पदस्थ हैं, लेकिन उनकी ड्यूटी सप्ताह में दो से तीन दिन सांची में लगा दी जाती है.

### इनका कहना है

आपके द्वारा यह मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है. मैं सीएमएचओ से बात कर के इसका जो भी समाधान होगा वह किया जाएगा.

**- मनोज उपाध्याय, अपर कलेक्टर, रायसेन**

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब एक अस्पताल में पहले से ही केवल एक डॉक्टर है, तो उसे दूसरे स्थान पर भेजकर यहां के मरीजों की जिम्मेदारी आखिर किसके भरोसे छोड़ी जा रही है?

करीब 42 गांवों के मरीज यहां ईलाज कराने आते हैं. लेकिन अस्पताल में मौजूद डॉक्टर की ड्यूटी कभी रायसेन पोस्टमार्टम में लगा देते हैं कभी सांची सिविल अस्पताल में ड्यूटी लगा देते हैं. जिसकी वजह से ईलाज कराने आए मरीज परेशान होते हैं. इस समस्या का समाधान शीघ्र ही होना चाहिए.

**- इकबाल खान, स्थानीय रहवासी.**

# चकला नाला पुल अपूर्ण, यातायात बाधित

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 24 जून. नगर में सागर-भोपाल मार्ग पर स्थित चकला नाले का जर्जर पुल क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे बड़े हादसे की आशंका के मद्देनजर सड़क निर्माण कंपनी द्वारा क्षतिग्रस्त पुल को तोड़कर नवीन निर्माण करना शुरू किया.**



पिछले एक वर्ष से इस छोटे से पुल का निर्माण कार्य कछुआ चाल से चल रहा है. वर्षा लग गई लेकिन पुल प्रारंभ नहीं किया गया जिससे प्रतिदिन पुराने पुल से होकर गुजरने वाले वाहनों से क्रॉसिंग में जाम की स्थिति बनती है और लोग घण्टों परेशान हो रहे है. नागरिकों का आरोप है कि नवीन पुल निर्माण पूरा होने के बाद भी दोनों तरफ की मिट्टी के ढेर नहीं हटाए गए और उसे अब तक उसे चालू नहीं किए जाने से यात्री परेशान हो रहे है जबकि पुल पूरी तरफ से बनकर तैयार है.

सामने पीसी कॉलोनीवासियों को आज हुई तेज वर्षा के कारण घरों में जलभराव होने से बहुत ज्यादा परेशानी उठाना पड़ी. चकला पुल के दोनों ओर जमा मिट्टी के कारण पानी की निकाशी नहीं होने से पीसी कॉलोनी में पानी भर गया. यदि पुल के दोनों ओर की सफाई की जाना नितांत आवश्यक है ताकि जल का बहाव तेजी से नाले से होकर गुजरने से घरों में पानी नहीं भरेगा. प्रभावित लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि यथा शीघ्र व्यवस्था की जाए, अन्यथा वह आंदोलन को बाध्य होंगे.

## आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन 30 जून तक

**रायसेन.** मध्यप्रदेश की समस्त शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीव्हीटी/ एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विद्यार्थी कौशल विकास विभाग के पोर्टल पर 30 जून तक पंजीयन करा सकते हैं. प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी डीएसडी पोर्टल पर उपलब्ध है. इन आईटीआई में व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि उद्योगों के लिए कुशल, प्रशिक्षित व्यक्तियों की पूर्ति की जा सके. साथ ही आवेदक स्वयं के लघु उद्योग या स्वरोजगार स्थापित कर सके. रायसेन जिले में 06 शासकीय आईटीआई संचालित हैं. इन संस्थाओं में इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग 16 व्यवसायों में कुल 1068 सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही की जा रही है.

# कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

**रायसेन, 24 जून. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में राजस्व प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन, ज्ञान भारतम् अभियान तथा गिरदावरी कार्य प्रगति की तहसील और विकास खण्डवार समीक्षा की.**

उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की तहसीलवार जानकारी लेते हुए सभी एसडीएम और तहसीलदारों को प्राथमिकता से सीमांकन, नामांतरण सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु निर्देशित किया. इसके साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की भी समीक्षा कर समयावधि में निराकृत करने के लिए कहा.

कलेक्टर विश्वकर्मा ने फसल गिरदावरी की तहसीलवार समीक्षा करते हुए कहा कि तहसील सुल्तानगंज, बेगमगंज और बाड़ी में गिरदावरी कार्य सौ प्रतिशत पूर्ण हो गया है! सुल्तानपुर, उदयपुरा और गैरतगंज में 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है. इसके अलावा जिन तहसीलों में अभी तक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण नहीं हुआ है वह शीघ्रता से गिरदावरी कार्य पूर्ण कराएं. साथ ही संबंधित एसडीएम नियमित मॉनीटरिंग करें.

# रायसेन जिले में अब तक 77.4 मिमी वर्षा दर्ज

- बीते 24 घंटे में हुई 7.4 मिलीमीटर औसत वर्षा

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 24 जून. जिले में 01 जून 2026 से 24 जून 2026 तक 77.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई तथा गत वर्ष इसी अवधि में 120.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी.**

तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून 2026 से 24 जून 2026 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 110.8 मिलीमीटर, गैरतगंज में 92.2, बेगमगंज में 106, सिलवानी में 39.4, गौहरगंज में 96, बरेली में 87.8, उदयपुरा में 128, बाड़ी में 49.5, सुल्तानपुर में 46.3 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 17.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है.

### बीते 24 घंटे में 7.4 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 24 जून 2026 को सुबह तक 7.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 20.4 मिलीमीटर, गैरतगंज में 5.6, बेगमगंज में 15.2, सिलवानी में 0, गौहरगंज में 0, बरेली में 5.4, उदयपुरा में 27, बाड़ी में 0, सुल्तानपुर में 0 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 0.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है.

# आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्कूल रेडीनेस मेला अभियान

**रायसेन, 24 जून. आंगनवाड़ी केन्द्रों में ''स्कूल रेडीनेस मेला-कमाल की तैयारी 2026'' के तहत बच्चों को खेल, गायन और चित्रकला गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं.**

महिला एवं बाल विकास विभाग के इस अभियान का उद्देश्य 5 से 6 वर्ष आयु के उन बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना है जो जल्द ही आंगनवाड़ी से प्राथमिक विद्यालय में कदम रखने वाले हैं. अभियान के प्रथम चरण में जिले की सभी परियोजनाओं में बच्चों की गतिविधि आधारित आकलन किया गया. यह आकलन पांच विकासात्मक क्षेत्रों शारीरिक, भाषाई, संज्ञानात्मक, सामाजिक- भावनात्मक एवं रचनात्मक में हुआ.

### एक नजर में

## हाइवे 18 पर वाहनों की तेज़ रफ़्तार पर लगे रोक



**सलामतपुर, 24 जून.** आगामी त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को सलामतपुर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता नवागत थाना प्रभारी श्यामराज सिंह ने की. इस दौरान सुनारी सलामतपुर सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह राजपूत, रातातलाई सरपंच रघुवीर सिंह मीणा, बबलू पठान, मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल, नीरज जैन, मकसूद मंसूरी, बल्लभदास अग्रवाल, संजीव यादव, गोपाल राठौर, देवेंद्र शर्मा, अनूप अग्रवाल, जहीर मंसूरी, किशन मीणा, रूपेश यादव, राजेश लोधी सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया. बैठक में ग्रामीण और स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या 'हाइवे 18' पर बेलगाम दौड़ते वाहनों की ओर ध्यान आकर्षित कराया. ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि हाइवे पर चलने वाले तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे स्थानीय निवासियों में भय का माहौल है.

## सेफ क्लिक 2.0 के तहत पुलिस ने किया संवाद



**गैरतगंज, 24 जून.** प्रदेश भर में साइबर सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे हैं सेफ क्लिक 2. अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस कप्तान आशुतोष गुप्ता के निर्देश के तहत बुधवार थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी डी पी लोहिया के द्वारा अभियान के शुरुआती दौर में थाना परिसर गैरतगंज में मीडिया कर्मियों से चर्चा की गई. थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर सुरक्षा के लिए 15 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्राम पंचायतों तथा नगर परिषद/नगर पंचायत क्षेत्रों में नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी प्रदान की जायेगी इस के दौरान ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी शेयर करने के जोखिम, सोशल मीडिया सुरक्षा, डिजिटल भुगतान सुरक्षा एवं साइबर हेल्पलाइन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जायेगी.

# 32 करोड़ की सड़क निर्माण में घोटाले का आरोप

- हिंदू युवा संगठन ने की निष्पक्ष जांच की मांग
- पीडब्ल्यूडी के ईई को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 24 जून. जिला मुख्यालय स्थित लगभग 32 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सड़क निर्माण कार्य को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है.**

पहले आम नागरिकों ने जताया था विरोध अब हिंदू युवा संगठन ने शहर वासियों के हित में पहल करते हुए संबंधित लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अधिकारी बीके सूत्रकर को ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है. संगठन द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि रायसेन नगर में बनाई गई सड़क, नालियां, नाले और पुलिया निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और लागत को लेकर आमजन के बीच कई सवाल उठ रहे हैं.



# त्योहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**देवरी (रायसेन), 24 जून. आगामी त्योहारों एवं जनसामान्य से जुड़े विषयों पर चर्चा के लिए गुरुवार को थाना देवरी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता नवागत थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह तोमर एवं तहसीलदार जयपाल शाह उइके ने की.**

बैठक के दौरान तहसीलदार जयपाल शाह उइके ने नवागत थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह तोमर का परिचय कराते हुए कहा कि तोमर एक काबिल, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हैं. उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है.



बैठक में नगरवासियों ने विभिन्न जनसमस्याओं एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को प्रशासन के समक्ष रखा. इस अवसर पर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह तोमर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में जुआ, सट्टा, नशा एवं अन्य अवैध गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी कोई अवैध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें. उन्होंने अपना मोबाइल नंबर भी नागरिकों के साथ साझा किया.

बैठक में नायब तहसीलदार योगेश कुमार शुक्ला, सीएमओ जगदीश कुमार शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद बरसैंया, सैयद इरशाद खान, पार्षद बलवंत सिंह रघुवंशी, एडवोकेट नितेश रघुवंशी, कृष्ण नारायण रघुवंशी, अरविंद रघुवंशी, व्यापारी संघ के रवि गुप्ता एवं विनोद गुप्ता, पार्षद अशोक मामा, पार्षद सोनू तोमर, पार्षद दिनेश, व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# दो-तीन फीट ऊंचाई पर झूल रहे बिजली के तार

- अंबाडी इंदिरा आवास कॉलोनी में हो सकता है बड़ा हादसा

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 24 जून. सांची विकासखंड की अंबाडी इंदिरा आवास कॉलोनी में बिजली कंपनी की लापरवाही लोगों की जान पर भारी पड़ती नजर आ रही है.**

कॉलोनी में कई स्थानों पर बिजली के तार महज दो से तीन फीट की ऊंचाई पर झूल रहे हैं और जगह-जगह से कटे हुए हैं. हालात इतने गंभीर हैं कि बीते दिनों एक 10-12 वर्षीय बच्चे और एक महिला को करंट लगने की घटना भी सामने आ चुकी है.



ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा लगता है मानो बिजली कंपनी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हो. शिकायतें कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाई जा चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं. सवाल यह है कि क्या विभाग तब जागेगा जब कोई बड़ी जनहानि हो जाएगी? कॉलोनीवासियों का आरोप है कि झूलते तार बच्चों, महिलाओं और राहगीरों के लिए हर पल खतरा बने हुए हैं. बरसात के मौसम में यह खतरा और बढ़ जाता है. लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारी शायद एसी कमरों में बैठकर फाइलों में समाधान ढूंढ रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत में लोग करंट के साये में जीवन बिताने को मजबूर हैं. महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही तारों को दुरुस्त कर सुरक्षित व्यवस्था नहीं की गई तो कॉलोनीवासी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे. अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी समय रहते चेतते हैं या फिर किसी बड़े हादसे के बाद औपचारिक कार्रवाई का सिलसिला शुरू होगा.

# अमानक उर्वरक विक्रेता की अनुज्ञप्ति निलंबित

**रायसेन, 24 जून. कृषि विभाग के निरीक्षण दल ने 16 मई को नागर कृषि सेवा केंद्र दिवटिया का निरीक्षण किया था.**

निरीक्षण के दौरान नागर कृषि सेवा केंद्र पर ब्रांड जय जवान एनपीके 12:32:06 निर्माता चातक एग्रो (इंडिया) प्रायवेट लिमिटेड इंदौर का 164 बोरी अनाधिकृत पायी गई. उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 अंतर्गत उक्त उर्वरक की जप्ति एवं सुपुर्दगी की कार्रवाई करते हुए उर्वरक नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए थे. प्रयोगशाला से रिपोर्ट में उर्वरक अमानक होने पर संबंधित उर्वरक विक्रेता नागर कृषि सेवा केंद्र दिवटिया पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु उर्वरक निरीक्षक अभिषेक गौतम द्वारा थाना नूरगंज में आवश्यक कार्रवाई की गई है.



### धार्मिक आयोजन — अंतिम दिन हुई श्रीराम लला प्रतिष्ठा एवं हनुमत पुन: प्रतिष्ठा

# संस्कार जीवन की वास्तविक संपदा है : पं. शास्त्री

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 24 जून.** बुधवार को अंतिम दिन श्री राम महायज्ञ एवं हनुमत प्रतिष्ठा के साथ कार्यक्रम का समापन विश्राम दिवस में यज्ञ पूर्णाहुति के दिन यज्ञाचार्य कथा व्यास पं. कमलेश कृष्ण शास्त्री महाराज ने पंचम दिवस एवं अंतिम दिन पंडित कमलेश कृष्ण शास्त्रीने कहा मनुष्य यदि अपने जीवन में स्थायी सुख, अखण्ड आरोग्य और निर्मल प्रसन्नता की कामना करता है, तो उसे अपने आचरण को सुव्यवस्थित, संयमित और सद्गुणमय बनाना अनिवार्य है; क्योंकि जीवन की समृद्धि बाह्य साधनों में नहीं, अपितु अंत:करण की शुद्धि और दिनचर्या की संतुलित साधना में निहित होती है.



जब मनुष्य अपने जीवन को नियम, संयम और विवेक से अभिसिंचित करता है, तब उसका अंत:करण निर्मल होकर आत्मतत्त्व के साक्षात्कार के योग्य बनता है. समयानुसार जागरण और निद्रा, आहार की शुद्धता और मर्यादा, तथा इन्द्रियों का संयम ये सभी साधक के लिए केवल लौकिक अनुशासन नहीं, वरन् आत्मोन्नति के सोपान हैं. संतुलित आहार से शरीर पुष्ट होता है, संयमित दिनचर्या से चित्त स्थिर होता है, और उचित विश्रांति से प्राणशक्ति का संवर्धन होता है.

आचार्यश्री के उपदेशों में भी यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि मनुष्य को केवल बाह्य उन्नति पर ही नहीं, अपितु अपने व्यवहार, विचार और संस्कारों की पवित्रता पर विशेष ध्यान देना चाहिए. जीवन में उचित विनोद, मर्यादित मनोरंजन और सत्संग ये ऐसे साधन हैं.

संस्कारों की पवित्रता जीवन की वास्तविक सम्पदा है. ये ही वे सूक्ष्म बीज हैं, जो व्यक्तित्व में सद्गुणों के रूप में विकसित होकर जीवन को सुगंधित करते हैं. मनुष्य अपने विचारों, वाणी और कर्मों में शुद्धता स्थापित करता है, तब उसका सम्पूर्ण जीवन एक आदर्श रूप धारण कर लेता है. सुव्यवस्थित दिनचर्या, संयमित आहार, मर्यादित आचरण और श्रेष्ठ संस्कार मिलकर स्वस्थ और प्रसन्न बनाते है.

## गांव की बेटी योजना के लिए फिर आवेदन शुरू

**भोपाल, 24 जून.** मप्र उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2023-24 की गांव की बेटी और प्रतिभा किरण छात्रवृत्ति योजना के लिए एक बार फिर आवेदन शुरू कर दिया है. विभाग ने स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 को फिर से खोल दिया है. जिससे सभी पात्र छात्राएं जो किसी कारणवश पहले आवेदन नहीं कर सकी थीं. वे अब 25 जून से 04 जुलाई के बीच अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकती हैं. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी इस आदेश में सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों और शासकीय व अशासकीय कॉलेजों के प्राचार्यों को सख्त निर्देश दिए गए हैं. साथ ही संस्थानों को समय पर आवेदनों का सत्यापन करने और भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है.

# साइबर अपराध रोकने पुलिस का जागरुकता अभियान

- 8 जुलाई तक चलेगा सेफ क्लिक 2.0, नागरिकों को किया जाएगा जागरूक

**रायसेन, 24 जून. बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षित रखने और डिजिटल दुनिया में सतर्कता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है.**

यह अभियान 24 जून से 8 जुलाई तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा. अभियान के तहत लोगों को साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा. बुधवार को गैरतगंज थाना परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में थाना प्रभारी डीपी लोहिया ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं. अपराधी फर्जी कॉल, नकली लिंक, सोशल मीडिया अकाउंट, बैंकिंग फ्रॉड और ओटीपी धोखाधड़ी के माध्यम से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं. ऐसे में नागरिकों का सतर्क और जागरूक रहना बेहद आवश्यक है. थाना प्रभारी ने बताया कि अभियान के दौरान स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों, बैंकों, आंगनबाड़ी केंद्रों,



### साइबर ठगी से बचाव के बताए जाएंगे उपाय

अभियान में नागरिकों को बताया जाएगा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासवर्ड या ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करें. संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं.